हिमाचल प्रदेश बारहवीं विधान सभा

(चौदहवां सत्र)

लिखित उत्तर हेतु प्रश्न

सोमवार, 6 मार्च, 2017/ 15 फाल्गुन, 1938 (शक्)

[मुख्य मंत्री - खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री - बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री - उद्योग मंत्री - आबकारी एवं कराधान मंत्री तथा ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री].

कुल प्रश्न - 11

सड़क/ पुल निर्माण

1577 **श्री रवि ठाकुर (लाहौल और स्पिति):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि दिनांक 01 जनवरी, 2014 से 15 फरवरी, 2017 तक लाहौल और स्पिति विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र को नाबार्ड से विधायक प्राथमिकता के अन्तर्गत कितनी सड़कों एवं पुलों के निर्माण के लिए कितनी-कितनी धनराशि स्वीकृत की गई; ब्यौरा योजनाओं का मण्डलवार दें?

Allotment of Fund

1578 **Sh. Narinder Thakur (Sujanpur):**

Will the **Chief Minister** be pleased to state that:-

(a) during the current financial year up to 15th February, 2017 how much funds has been alloted by the State and Central Government for all the Departments in Sujanpur Constituency; and

(b) what is its work wise physical and financial achievements?

आधुनिक स्कूल हमीरपुर

1579 **श्री नरेन्द्र ठाकुर (सुजानपुर)ः**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) दिनांक 15 फरवरी, 2017 तक जिला हमीरपुर में कितने आधुनिक स्कूल खोले गये; ब्यौरा विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रवार दें; और

(ख) विभाग ने आधुनिक स्कूल खोलने के बाद उनमें शिक्षा में गुणवत्ता लाने हेतु क्या प्रयास किये; ब्यौरा स्कूलवार दें?

ठेकेदारों का पंजीकरण

1580 **श्री विनोद कुमार (नाचन)ः**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) गत चार वर्षों में नाचन विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत लोक निर्माण मण्डल गोहर में कितने नये ठेकेदारों (Contractors) का पंजीकरण किया गया; ब्यौरा नाम व पते सहित दें; और

(ख) इस अवधि में पंजीकृत ठेकेदारों को लोक निर्माण विभाग द्वारा कितनी-कितनी धनराशि का कार्य आबंटित किया गया है; ब्यौरा दें?

रिक्त पद

1581 **श्री विनोद कुमार (नाचन)ः**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) हिमाचल प्रदेश पुलिस बल में मुख्य आरक्षी एवं सहायक उप-निरीक्षक के कितने पद रिक्त हैं; ब्यौरा दें; और

(ख) दिनांक 15.02.2017 तक Lower Pass Course की योग्यता सूची क्या है; ब्यौरा नाम सहित दें?

जलवाहकों का नियमितीकरण

1582 **श्री विनोद कुमार (नाचन)ः**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि हाल ही में स्कूलों में कार्यरत जलवाहक नियमित किये गये हैं; और

(ख) यदि हां, तो जलवाहकों को नियमित करने हेतु क्या नियम निर्धारित किए गए हैं; ब्यौरा दें ?

दोषियों के विरूद्ध कार्रवाई

1583 **श्री महेश्वर सिंह (कुल्लू):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि वर्ष 2013 में जिला किन्नौर की तहसील सांगला की पंचायत रक्षम के देवता शमशीर की चोरी कुछ नेपाली मूल के लोगों ने की थी;

(ख) यदि हां, तो चोरी किस तिथि को हुई; क्या-क्या सामान कितनी -कितनी कीमत का चोरी हुआ और कितने सामान की बरामदगी करने में पुलिस सफल रही; और

(ग) सरकार द्वारा दोषियों के विरूद्ध क्या कार्रवाई की गई; इस केस की अद्यतन स्थिति क्या है ; ब्यौरा दें?

निर्माण कार्य

1584 **श्री महेश्वर सिंह (कुल्लू):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत तीन वर्षों में कुल्लू विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में विधायक प्राथमिकता के अन्तर्गत कितने भवन, सड़कें एवं पुलों का निर्माण किया गया; उनकी अद्यतन स्थिति क्या है; ब्यौरा कार्यवार दें?

अध्यापकों की रिक्तियां

1585 **श्री महेश्वर सिंह (कुल्लू):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि दिनांक 15 फरवरी, 2017 तक कुल्लू विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत कितनी प्राथमिक, माध्यमिक, उच्च एवं वरिष्ठ माध्यमिक पाठशालाएं हैं; इन पाठशालाओं में विभिन्न श्रेणियों के अध्यापकों के कितने-कितने पद सृजित हैं तथा कितने रिक्त हैं तथा इनको कब तक भर दिया जाएगा ?

भवन का शिलान्यास

1586 **श्री गोविन्द सिंह ठाकुर(मनाली) :**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला जगतसुख के भवन का शिलान्यास कब तथा

किसके द्वारा किया गया; इसके लिए कितनी धनराशि का प्रावधान है और क्या इसका कार्य प्रारम्भ हो चुका है; और

(ख) सरकार क्या राजकीय उच्च विद्यालय जाणा के भवन निर्माण का विचार रखती है; यदि हां, तो इसके लिए कितनी धनराशि का प्रावधान है; ब्यौरा दें?

नई पाठशालाएं

1587 डॉ0 राजीव बिन्दल (नाहन):

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) दिनांक 01 अगस्त, 2016 से 15 फरवरी, 2017 तक जिला सिरमौर में कितनी नई पाठशालाएं खोली गई तथा उनका निम्न विवरण विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रवार दें:-

(i) छात्र-छात्राओं की संख्या;

(ii) अध्यापकों की संख्या;

(iii) स्टाफ की संख्या;

(iv) प्रत्येक पाठशाला में कमरों की संख्या;

(v) शौचालय की संख्या;

(vi) पेयजल की व्यवस्था;

(vii) रिक्त पदों की संख्या;

(ख) गत चार वर्षों में ज़िला सिरमौर में SMC के अन्तर्गत कितने अध्यापकों की नियुक्ति की गई, इनकी भर्ती में आरक्षण हेतु रोस्टर का प्रयोग किया गया या नहीं; ब्यौरा दें; और

(ग) ऐसे कितने अध्यापक व अन्य स्टाफ है जिन्हें अपने पोस्टिंग स्थल से अन्यत्र डिप्यूट किया गया है; ब्यौरा कारणों सहित दें?

शिमला: 171004. — **सुन्दर सिंह वर्मा,**
दिनांक: 18 फरवरी, 2017. — **सचिव।**